तकनीक को न अपनाया तो विकास की दौड़ में पिछड़ जाएंगे : राज्यपाल

मंगलवार को राजभवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित कार्यशाला में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के साथ प्रतिभागी और आयोजक। -स्रोत : राजभवन

राज्यपाल ने की राजभवन में इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। वर्तमान समय में तकनीक को न अपनाया तो हम विकास की दौड़ में पीछे रह सकते हैं। यह बात राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत पर आयोजित कार्यशाला में कही।

उन्होंने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से देश और दुनिया में गति, शक्ति और प्रगति देखने को मिल रही है। यह एक ऐसा शक्तिशाली तंत्र है, जिसने जीवन के हर पहलू को छुआ है। इसके माध्यम से दैनिक दिनचर्या से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं परिवहन जैसे क्षेत्र में क्रांति आई है। आईटी और एआई पर आधारित इस एप को राजभवन से शुरू करने से प्रदेश के अन्य विभागों को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यशाला में यूपीईएस के प्रो. संजीव, प्रो. प्रिया रंजन, प्रो. मुतुकुमार, प्रो. आरएस अय्यर और डॉ पद्मा ने एआई और रोबोटिक्स के प्रयोग और उसके लाभ के बारे में बताया। राज्यपाल ने एआई आधारित स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम भी शुरू किया। इसके पहले चरण में ऑनलाइन गेट पास सिस्टम, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट एवं ई-इनविटेशन सिस्टम शुरू किया गया है।

सिस्टम ऐसे करता है काम : इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम से राजभवन दून और नैनीताल में चीजों के लिए क्यूआर कोड तैयार किया गया है। इसे स्कैन करने पर उस सामान या इन्वेंट्री की पूरी जानकारी आ जाएगी। इसमें गृह अधिष्ठान अवार्ड, आईटी सेक्शन, लाइब्रेरी, पीडब्लूडी विद्युत एवं सिविल में उपलब्ध इन्वेंट्री को शामिल किया गया है। इससे उस सामान के लाए जाने से लेकर निष्प्रयोज्य होने तक की जानकारी उपलब्ध होगी। कुलपति यूटीयू ओंकार सिंह ने इसके बारे में प्रस्तुतीकरण दी।